ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर, मंगलवार 06 जनवरी 2026

वर्ष 2 अंक 244

बोर्ड परीक्षाओं से एक माह पहले बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 412 प्रिंसिपलों के तबादले



24 न्यूज अपडेट

अजमेर/जयपुर। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होने वाली हैं, लेकिन इससे ठीक एक माह पहले शिक्षा विभाग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए 412 विद्यालय प्रिंसिपलों के तबादले कर दिए हैं। मंगलवार को एक के बाद एक चार तबादला सूचियां जारी की गईं, जिससे एक ही दिन में सैकड़ों स्कूलों के प्रशासनिक मुखिया बदल गए।

चार सूचियों में जारी हुए तबादले

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी आदेशों के अनुसार, पहली सूची में 39, दूसरी में 78, तीसरी सूची में 234 और चौथी सूची में 61 प्रिंसिपलों के तबादले किए गए। इस तरह कुल 412 प्रिंसिपल एक ही दिन में इधर से उधर कर दिए गए।

परीक्षा से पहले तबादलों पर उठे सवाल

बोर्ड परीक्षाओं से ठीक पहले हुए इन तबादलों को लेकर शिक्षा जगत में सवाल खड़े हो रहे हैं। एक ओर जहां स्कूलों में परीक्षा तैयारियां अंतिम चरण में हैं, वहीं कई विद्यालयों में नए प्रिंसिपल को तुरंत कार्यभार संभालना होगा। जारी सूची की खास बात यह है कि 50 प्रतिशत से अधिक तबादले एक जिले से दूसरे जिले में किए गए हैं। अधिकांश तबादले प्रिंसिपलों के स्वयं के आवेदन पर हुए हैं, ऐसे मामलों में उन्हें टीए-डीए देय नहीं होगा। वहीं जिन प्रिंसिपलों ने आवेदन नहीं किया था और फिर भी उनका तबादला किया गया है, उन्हें टीए और डीए का लाभ मिलेगा।

रिटायरमेंट पोस्ट पर एडवांस पोस्टिंग

जानकारी के अनुसार, जिन प्रिंसिपलों का 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होना है, उनकी पोस्ट पर पहले ही अन्य प्रिंसिपलों के एडवांस तबादले कर दिए गए हैं। ऐसे आदेशों में 1 फरवरी से प्रभावी होने का उल्लेख किया गया है। ऐसे कम से कम 5 से अधिक मामले सामने आए हैं।

जयपुर से बनी लिस्ट, बीकानेर में सिर्फ औपचारिकता

सूत्रों के अनुसार, तबादलों से जुड़ा पूरा काम जयपुर स्थित शिक्षा संकुल में किया गया। बीकानेर स्थित निदेशालय में फाइलें केवल हस्ताक्षर के लिए पहुंचीं। निदेशालय स्तर पर सिर्फ यह जांच की गई कि सूची में कोई तकनीकी त्रुटि न हो। आदेश में भी स्पष्ट किया गया है कि यह तबादले राज्य सरकार से प्राप्त पत्र के आधार पर किए गए हैं।

पहले भी रद्द हुए थे तबादले

गौरतलब है कि करीब दो महीने पहले हुए तबादलों के बाद सिफारिशों के आधार पर कई तबादले निरस्त कर दिए गए थे, जबकि कुछ प्रिंसिपलों को शिकायतों के आधार पर दूसरे विद्यालयों में भेजा गया था।

बोर्ड परीक्षाओं से पहले इतने बड़े स्तर पर किए गए तबादलों से स्कूल प्रशासन और परीक्षा प्रबंधन पर क्या असर पड़ेगा, यह आने वाले दिनों में साफ होगा।

2026 में 0.50% और घट सकती है ब्याज दर:2025 में 1.25% की कटौती के बाद भी RBI के पास गुंजाइश; लोन और सस्ते होने की उम्मीद



24 न्यूज अपडेट

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) साल 2026 में ब्याज दरों में 0.50% (50 बेसिस पॉइंट्स) की और कटौती कर सकता है। IIFL कैपिटल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में ब्याज दरों में कुल 1.25% की कटौती करने के बाद भी केंद्रीय बैंक के पास रेट कट की जगह बची है। अगर ऐसा होता है, तो होम और ऑटो लोन की ईएमआई (EMI) में और कमी आएगी, जिससे आम आदमी की जेब को बड़ी राहत मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में रेपो रेट और कोर इन्फ्लेशन (बुनियादी महंगाई) के बीच का अंतर लगभग 2.8% है। पिछले 7 सालों का औसत देखें तो यह अंतर 1.1% के करीब रहता है। जानकारों का मानना है कि महंगाई कंट्रोल में होने और इस बड़े अंतर के कारण RBI के पास रेट कम करने के पर्याप्त तकनीकी कारण मौजूद हैं।

बीते साल यानी 2025 में रिजर्व बैंक ने ग्रोथ को रफ्तार देने के लिए ब्याज दरों में कुल 125 बेसिस पॉइंट्स यानी 1.25% की कटौती की थी। साल के आखिरी महीने दिसंबर में भी ब्याज दर 0.25% घटाई गई थी, जिससे रेपो रेट गिरकर 5.25% पर आ गया। अब 2026 में इसके 5% से नीचे या उसके करीब जाने की संभावना जताई जा रही है।

सेंसेक्स 376 अंक गिरकर 85,063 के स्तर पर बंद : निफ्टी भी 71 अंक गिरा, मीडिया और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 6 जनवरी को गिरावट रही। सेंसेक्स 376 अंक गिरकर 85,063 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 71 अंक की गिरावट रही, ये 26,178 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही। ट्रेंट, रिलायंस और कोटक बैंक के शेयर्स में 8% तक की गिरावट देखने को मिली। मीडिया और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर्स सबसे ज्यादा गिरे हैं।

चांदी 2.45 लाख के ऑल टाइम हाई पर:आज 7,725 महंगी हुई, सोना 492 बढ़कर 1.37 लाख पर पहुंचा



24 न्यूज अपडेट

चांदी आज यानी 6 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, सुबह कारोबार के दौरान एक किलो चांदी की कीमत 7,725 रुपए बढ़कर 2,44,788 रुपए हो गई है। वहीं कारोबार बंद होने पर ये 6087 रुपए बढ़कर 2,43,150 रुपए पर आ गई। एक दिन पहले इसकी कीमत 2,37,063 रुपए किलो थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 492 रुपए बढ़कर 1,36,660 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोमवार को यह 1,36,168 रुपए पर था। वहीं सोना 29 दिसंबर 2025 को 1,38,161 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंचा था।

MP-राजस्थान में भीषण सर्दी, 44 जिलों में स्कूल बंद:केदारनाथ में तापमान माइनस 23C; हिमाचल-कश्मीर में साल की सबसे ठंडी रात, पारा -10



24 न्यूज अपडेट

देशभर में सर्दी लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मैदानी राज्यों में घना कोहरा और शीतलहर का प्रभाव है। सर्दी के कारण मध्य प्रदेश के 24, राजस्थान के 20 जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मध्य प्रदेश के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 से नीचे है। सोमवार को छतरपुर का नौगांव सबसे ठंडा रहा। यहां पारा 1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ।

इधर, उत्तराखंड का मुनस्यारी सोमवार को सबसे ठंडा इलाका रिकॉर्ड किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। केदारनाथ में भारी बर्फबारी के बीच तापमान माइनस 23 डिग्री पहुंच गया। उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री में माइनस 21 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ। यहां पानी की पाइपलाइन में बर्फ जम गई।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले के ताबो और जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में सोमवार रात साल की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। दोनों जगहों पर न्यूनतम तापमान शून्य से करीब 10 डिग्री नीचे पहुंच गया। इससे झीलों, झरनों और नदियों की छोटी धाराओं में पानी जम गया।

कोहरे के कारण कई शहरों में उड़ान प्रभावित होने की आशंका

दिल्ली एयरपोर्ट ने कोहरे के कारण मंगलवार सुबह 6 बजे यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। इसमें यात्रियों से फ्लाइट्स का रियल-टाइम ट्रैवल अपडेट चेक करने को कहा गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि मौसम की स्थिति के कारण उड़ानों के संचालन पर असर पड़ सकता है। इंडिगो एयरलाइंस ने भी यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन के मुताबिक दिल्ली, अमृतसर, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, वाराणसी, रांची और हिंडन एयरपोर्ट पर कम विजिबिलिटी और कोहरे के कारण फ्लाइट शेड्यूल प्रभावित हो सकता है।

गुजरात-कर्नाटक में 7 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी:यूपी में ट्रेन में बम की खबर, इंस्पेक्टर ने डंडे से खींचा संदिग्ध बैग; केरल में 12 देसी बम बरामद



24 न्यूज अपडेट

गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। गुजरात की छह कोर्ट, उत्तर प्रदेश के मऊ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन और कर्नाटक के मैसुरु जिला कोर्ट को धमकी दी गई। सभी मामलों में पुलिस और बम स्क्वॉड ने मौके पर जांच की, लेकिन किसी भी कोर्ट या ट्रेन से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

वहीं, केरल के कन्नूर जिले में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से 12 देसी विस्फोटक उपकरण बरामद किए हैं। सभी मामलों की जांच की जा रही है।

गुजरात में 6 कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी

गुजरात में हाईकोर्ट और 5 लोकल कोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली। सूरत की कोर्ट के ऑफिशियल ईमेल पर सोमवार रात 2 बजे धमकी भरा ईमेल आया था। सुबह जब कर्मचारियों ने ईमेल चेक किया तो पुलिस को सूचना दी।

आणंद, राजकोट, अहमदाबाद और भरूच के सेशन कोर्ट को इसी तरह का ईमेल मिला। हालांकि, बम स्क्वॉड की जांच में कोर्ट से कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। पुलिस के अनुसार, यह धमकी एलटीटीई (लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम) के नाम से दी गई है।

अहमदाबाद ग्रामीण न्यायालय को सोमवार को भी धमकी का एक ईमेल मिला था। एक अज्ञात व्यक्ति ने न्यायालय की ईमेल आईडी पर ईमेल भेजकर कोर्ट रूम को उड़ाने की धमकी दी थी। सुबह धमकी का ईमेल मिलने के बाद कोर्ट का कामकाज रोक दिया गया था। हालांकि, जांच में कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली थी।

सागवाड़ा में होटल के अंदर बैठाकर परोसी जा रही थी अंग्रेजी शराब, पुलिस ने की कार्रवाई

24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के गलियाकोट मार्ग पर स्थित केसरी कस्तुरी होटल में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखने और ग्राहकों को बैठाकर परोसने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब जब्त की है। थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनर्वास कॉलोनी चौकी प्रभारी एसआई सोमेश्वर पुलिस टीम के साथ लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्रवाई के लिए निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम गलियाकोट मार्ग स्थित केसरी कस्तुरी होटल पहुंची। टेबल पर आधी बीयर और डिस्पोजेबल ग्लास मिले होटल संचालक देवीलाल (43) पुत्र केवला खराड़ी, निवासी भैसरा बड़ा, थाना ओबरी की मौजूदगी में होटल की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान टेबल पर टुबर्ग बीयर की आधी बोतल और दो डिस्पोजेबल ग्लास रखे मिले, जिससे मौके पर शराब परोसे जाने की पुष्टि हुई। काउंटर से विभिन्न ब्रांड की शराब बरामद पुलिस ने होटल के काउंटर के अंदर से किंगफिशर बीयर – 4 बोतल टुबर्ग स्टॉन्ग बीयर – 4 बोतल काउंटी क्लब व्हिस्की – 5 बोतल जब्त की। पूछताछ के दौरान होटल संचालक शराब रखने, बेचने और परोसने से संबंधित कोई वैध अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले का अनुसंधान हेड कांस्टेबल लक्ष्मणलाल को सौंपा गया है।



संपादकीय : मनमानी के बरक्स

विदेशी मामलों में भारत का रुख हमेशा से संतुलित रहा है, जो रणनीतिक स्वायत्तता, बहु- गठबंधन और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर केंद्रित है। भारत शीत युद्ध की 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर अब अमेरिका, रूस, चीन, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण के साथ अलग-अलग मुद्दों पर संतुलन बनाता रहा है, जो उसे किसी एक गुट में बंधे बिना वैश्विक मंच पर मजबूत और स्वतंत्र पक्ष बनाता है। वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई के मुद्दे पर भी भारत ने बातचीत से मसले को सुलझाने और क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता कायम रखने पर जोर दिया है। साथ ही तेल समृद्ध वेनेजुएला में तेजी से बदल रही स्थिति पर करीबी नजर भी रखी जा रही है, ताकि आने वाले समय में राष्ट्रहित की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत सहित कई देशों ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई है और वेनेजुएला की संप्रभुता एवं वहां के लोगों की सुरक्षा की वकालत की है। इस बीच, यह सवाल भी उठ रहा है कि किसी राष्ट्र पर हमला कर वहां के प्रमुख और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने की अमेरिका की कार्रवाई क्या अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का उल्लंघन नहीं है ? गौरतलब है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल होने का लगातार आरोप लगाने के बाद शुक्रवार देर रात राजधानी काराकस पर हमला कर दिया था। इस दौरान मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर न्यूयार्क ले जाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मादुरो के खिलाफ न्यूयार्क में मुकदमा चलाया जाएगा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अमेरिका ने किसी देश में सत्ता परिवर्तन का प्रयास किया है। वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमिनिकन गणराज्य में बड़ी संख्या में अपने सैनिक भेजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। वर्ष 1989 में अमेरिकी सैनिकों ने पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जनरल मैनुअल नोरिएगा को हटाना था, जिन पर मादुरो की तरह ही मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप थे। वर्ष 2003 में अमेरिका के नेतृत्व में इराक पर हमला कर सद्दाम हुसैन के लंबे शासन का अंत कर दिया गया। इसी तरह वर्ष 2004 में हैती के तत्कालीन राष्ट्रपति को सत्ता से हटाकर अफ्रीका भेज दिया गया। यह बात सही है कि अगर दुनिया के किसी हिस्से में मानव सुरक्षा का गंभीर संकट हो, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी हस्तक्षेप की अक्सर निंदा की जाती थी, लेकिन इससे कभी भी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की वैधता को सीधे तौर पर खतरा महसूस नहीं हुआ। मगर पिछले कुछ दशकों से यह देखने में आया है कि कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानव हित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं वेनेजुएला पर अमेरिका की कार्रवाई को भी कुछ देश इसी नजर से देख रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस खतरनाक चलन को लेकर गहरी चिंता जताई है, जिसे अमेरिका बढ़ावा दे रहा है। इस बात पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है कि विश्व में शांति एवं स्थिरता के वास्ते सभी देशों ने मिलकर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए हैं, उनके महत्त्व और प्रासंगिकता को बनाए रखने के लिए संतुलित रुख बेहद जरूरी है।

कठघरे में उदारता

आमतौर पर जघन्य अपराधों के दोषी ठहराए गए कैदियों के प्रति गैरजरूरी और एक सीमा से ज्यादा नरमी बरतना न्याय की अवधारणा के अनुकूल नहीं माना जाता है। मगर हत्या और बलात्कार के अपराध में दोषी ठहराए जाने के बावजूद किसी खास सजायाफ्ता कैदी के प्रति सरकार का रुख जब जरूरत से ज्यादा उदार दिखने लगे, तो स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि आखिर कानून और सजा का मतलब क्या रह गया! गौरतलब है कि बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध में दोषी साबित होने के बाद जेल में सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को एक बार फिर चालीस दिनों की पैरोल मिल गई। भले ही इस छूट के लिए सरकार की ओर से पेश दलीलों पर तमाम सवाल उठ रहे हों, लेकिन राम रहीम अगले चालीस दिनों तक जेल के बाहर रहेगा। दरअसल, अदालत में इस पैरोल मिलने के मसले पर हरियाणा सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि वह कोई 'पेशेवर अपराधी' नहीं है और जेल में 'अच्छे चाल-चलन' वाला कैदी है। सवाल है कि जिस कसौटी पर सरकार ने राम रहीम के प्रति लगातार उदारता दिखाई है, क्या वह यही पैमाना जेल में बंद जघन्य अपराधों के अन्य दोषियों के प्रति भी लागू करती है। दो डेरा साध्वियों से बलात्कार के मामले के अलावा राम रहीम को हत्या के अन्य मामले में भी दोषी ठहराया जा चुका है। मगर सजा काटने के लिए जेल में जाने से लेकर अब तक उसे पंद्रहवीं बार 'पैरोल' या फिर 'फरलो' पर बाहर आने की सुविधा मुहैया कराई गई है। अब तक वह कुल चार सौ दिन से ज्यादा वक्त तक जेल से बाहर रह चुका है । जघन्य अपराधों के दोषियों को लेकर कोई सरकार शायद ही कभी इस हद तक उदार होती है। सही है कि पैरोल एक कानूनी व्यवस्था है और इसके तहत कैदी को शर्तों के साथ जेल से कुछ दिनों के लिए रिहा किया जाता है, लेकिन इस कानूनी प्रावधान का बेजा इस्तेमाल न्याय की अवधारणा पर चोट पहुंचाने से अलग नहीं है। सरकार को इस बात से शायद कोई फर्क नहीं पड़ता कि इससे कानूनों की मनमानी व्याख्या और पीड़ितों के प्रति न्याय की अवधारणा को चोट पहुंचाने को लेकर कैसे उदाहरण बन रहे हैं !

पान के गल्ले का गैस कटर से तोड़ा दरवाजा!

सवा लाख का माल उड़ाया। व्यापारियों में आक्रोश।



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार देर रात पाला गणेश जी से दूध तलाई जाने वाले मार्ग पर स्थित एक पान की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बताया गया कि टीकम पान विक्रेता की दुकान के पीछे लगे दरवाजे को गैस कटर से काटकर चोर भीतर दाखिल हुए और बेखौफ होकर सामान समेट ले गए। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखी नकदी के साथ-साथ महंगी सिगरेट, बीड़ी, गुटखा और तंबाकू के पैकेट चुरा लिए। दुकान मालिक के अनुसार कुल नुकसान करीब सवा लाख से डेढ़ लाख रुपए तक हुआ है। चोरी गए सामान में ब्रांडेड सिगरेट के महंगे पैकेट भी शामिल हैं। पीड़ित दुकानदार सुनील सनाढ्य ने बताया कि रोज की तरह कल रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। सुबह फोन पर जरिए सूचना मिली कि दुकान का गेट टूटा पड़ा है। मौके पर पहुंचकर देखा तो पीछे का दरवाजा कटा हुआ था और भीतर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद सूरजपोल थाने को सूचना दी गई और लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की प्रक्रिया शुरू की। घटना के बाद क्षेत्र के स्थानीय व्यापारियों में भी रोष है। व्यापारियों ने बताया कि करीब एक साल पहले सरकारी स्तर पर सड़क किनारे एक खंभा लगाया गया था, जिस पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रस्ताव था, लेकिन आज तक कैमरा नहीं लगाया गया। व्यापारियों का कहना है कि यदि कैमरा चालू होता तो चोरों की पहचान आसान हो सकती थी। दुकानदार ने बताया कि सवा साल पहले उन्होंने इस स्थान पर दुकान शुरू की थी। इससे पहले उसकी दुकान समोर बाग रोड पर संचालित थी।

रेल यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग पर राहत,

रेलवन ऐप से अनारक्षित टिकट पर 3% सीधी छूट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। रेलवे ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनारक्षित टिकट बुक करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी है। अब रेलवन ऐप के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर अनारक्षित टिकट लेने पर यात्रियों को सीधे 3 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह सुविधा 14 जनवरी 2026 से आगामी छह माह के लिए प्रायोगिक तौर पर लागू की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार, यह निर्णय रेल मंत्रालय द्वारा लिया गया है ताकि अधिक से अधिक यात्री डिजिटल माध्यमों से टिकट बुकिंग के लिए प्रेरित हों। नई व्यवस्था के तहत रेलवन ऐप पर सभी डिजिटल भुगतान विकल्पों—जैसे यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि—से अनारक्षित टिकट बुक करने पर 3 प्रतिशत की सीधी छूट दी जाएगी। हालांकि, आर-वॉलेट के माध्यम से टिकट बुक करने की मौजूदा प्रणाली में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आर-वॉलेट से अनारक्षित टिकट लेने पर पहले की तरह ही 3 प्रतिशत बोनस कैशबैक की सुविधा जारी रहेगी। नई छूट व्यवस्था आर-वॉलेट को छोड़कर अन्य सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों पर लागू होगी। रेलवे के अनुसार यह छूट योजना 14 जनवरी 2026 से 14 जुलाई 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान योजना के प्रभाव और यात्रियों की प्रतिक्रिया का आकलन किया जाएगा। इसके बाद सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम (CRIS) द्वारा समीक्षा कर आगे की नीति पर निर्णय लिया जाएगा। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से टिकट काउंटरों पर भीड़ कम होगी, डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को त्वरित व सुविधाजनक सेवा का लाभ मिलेगा।

राजसमंद में दिनदहाड़े तलवारों से युवक की नृशंस हत्या, दोस्त और उसके पिता पर भी हमला



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। जिले में मंगलवार सुबह अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद नजर आए कि खमनोर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की तलवारों से काटकर हत्या कर दी गई। वारदात उस वक्त हुई जब युवक अपने दोस्त के साथ चौराहे के पास बैठा था। स्कॉर्पियो में सवार होकर आए छह हमलावरों ने अचानक हमला कर युवक को मौत के घाट उतार दिया और बीच-बचाव करने आए उसके दोस्त को भी घायल कर दिया। घटना खमनोर थाना क्षेत्र के गांवगुड़ा गांव स्थित चमत्कार चौराहा की है, जहां मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे यह सनसनीखेज वारदात हुई। मृतक की पहचान हिम्मत सिंह दसाणा के रूप में हुई है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

सिर और पैरों पर ताबड़तोड़ वार पुलिस के अनुसार, हिम्मत सिंह दसाणा मुंबई में मजदूरी करता था और कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था। मंगलवार सुबह वह अपने दोस्त लक्ष्मण सिंह के साथ चमत्कार चौराहे के पास बैठा था। इसी दौरान स्कॉर्पियो में सवार होकर पहुंचे नाथू सिंह, हमेर सिंह, कालू सिंह, किशन सिंह, हिम्मत सिंह और प्रकाश सिंह ने उस पर तलवारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने बीच चौराहे हिम्मत सिंह के सिर पर दो से तीन घातक वार किए और पैरों पर भी तलवार से हमला किया। बीच-बचाव के लिए आगे आए लक्ष्मण सिंह पर भी बदमाशों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

अस्पताल में मृत घोषित

हमले के बाद गंभीर रूप से घायल हिम्मत सिंह को लहूलुहान हालत में नाथद्वारा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल लक्ष्मण सिंह का उपचार जारी है।


दोस्त के पिता को भी पीटा, दी धमकी मामला यहीं नहीं रुका। आरोप है कि हमलावरों ने लक्ष्मण सिंह के पिता मोहन सिंह पर भी हमला किया। मोहन सिंह ने बताया कि वह बस स्टैंड पर बैठे थे, तभी बदमाशों ने धमकाते हुए कहा—"एक को निपटा कर आए हैं, तेरे बेटे को भी निपटा देंगे।" इसके बाद उनके साथ लाठियों और मुक्कों से मारपीट की गई। बदमाशों ने यह कहकर हमला किया कि लक्ष्मण सिंह हिम्मत सिंह को अस्पताल पहुंचाकर आया था।

पुरानी रंजिश की आशंका

खमनोर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावर केलवाड़ा थाना क्षेत्र के पासून गांव के रहने वाले हैं। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

पुलिस ने बनाई तीन टीमें

घटना की सूचना मिलते ही खमनोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। राजसमंद एएसपी महेंद्र पारीक भी घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष टीमें गठित की हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।



अंबा माता बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को महाकाल मंदिर प्रांगण में



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अंबा माता बस्ती के हिंदू समाज ने सर्वसम्मति से विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लेते हुए इसकी औपचारिक घोषणा कर दी है। जन-जन में राष्ट्रीय भावना को जागृत करने और राष्ट्र प्रथम के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह सम्मेलन 1 फरवरी 2026 को महाकाल मंदिर प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सेवा भारती चिकित्सालय (हरिदास जी की मंगरी) में बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता योजना समिति के अध्यक्ष सुंदरलाल सोनी ने की, जबकि संयोजक गोपाल पालीवाल, सह-संयोजक अरविंद सिंह राव सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। इनमें भोजन समिति, स्वागत समिति, वाहन रैली समिति, सुरक्षा समिति, प्रचार-प्रसार समिति एवं महिला समिति प्रमुख रूप से शामिल हैं। महिला समिति की प्रमुख अनिता सोनी ने जानकारी दी कि सम्मेलन के अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 500 मातृशक्ति सहभागिता करेगी। कलश यात्रा का विभिन्न समाजों द्वारा अपने-अपने द्वार पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। साथ ही टोलियां गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर सम्मेलन का निमंत्रण देंगी। सम्मेलन से पूर्व प्रभात फेरी, वाहन रैली और पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित करने की योजना भी बनाई गई है। प्रतिभावान छात्रों एवं राष्ट्र स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस विराट आयोजन में लगभग 2000 हिंदू समाजजनों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में हीरालाल, पालक नाहर सिंह, भेरूलाल तेली, बलवीर सिंह, अशोक चौहान, रमेश कुमावत, अरुण जोशी, रणजीत सिंह दिगपाल, भगवतीलाल, दुलेह सिंह, हरीश चौधरी, हजारी, हिम्मत कोठारी, राय सिंह, महिपाल, बाबूलाल यादव, अश्वनी सिंगोलिया सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की घोषणा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फरीदाबाद हरियाणा में 7 से 11 जनवरी तक होने वाली राष्ट्रीय सीनियर, जूनियर, सब जूनियर एवं मास्टर्स इक्विप्ड एंड क्लासिक बेंच प्रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम की घोषणा कर दी गई है L राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू ने बताया कि सीनियर पुरुष टीम का नेतृत्व गंगानगर के सुमित कुमार करेंगे, जूनियर पुरुष टीम का नेतृत्व योगेन्द्र सोगरवाल एवं सब जूनियर टीम का नेतृत्व सांकेत चतुर्वेदी करेंगे। सीनियर महिला टीम का नेतृत्व पूनम , जूनियर महिला टीम का नेतृत्व पूजा जावा एवं सब जूनियर बालिका टीम का नेतृत्व आकांक्षा कुमावत करेगी । राजस्थान टीम इस प्रकार है :- सीनियर इक्विप्ड पुरुष टीम :- सुमित कुमार (कप्तान), योगेश कुमार सेन, राहुल शर्मा, गोपेश कुमार गौड, तनुज सैनी, अजय कुमार सुथार, मोहित सुथार, दिनेश कुमार । सीनियर क्लासिक टीम :- योगेश कुमार सेन, धीरज सैया, उस्मान बेग मिर्जा ,रोहित ,जितेंद्र कुमार मेघवाल, अजय कुमार सुथार, गौरव सोनी, जूनियर इक्विप्ड पुरुष टीम :- योगेन्द्र सोगरवाल (कप्तान), क्रिशन व्यास ,गौरव मीणा, मयंक डागुर , पवन सोनी, गौरव जयपाल, दानिश सैफी, निखिल जाजोतर, जितेंद्र शर्मा । `जूनियर क्लासिक पुरुष टीम :- सुनील नागोरा, विशाल प्रजापत, दानिश सैफी, मोहित, मोहम्मद रेहान गोरी, अजहरुद्दीन, हर्षल दादीच, सोनू खटीक। सब जूनियर इक्विप्ड बालक टीम :- सांकेत चतुर्वेदी (कप्तान), व्योम जावा, रोहित सिंह रावत, पीयूष मीणा, पीयूष कुमार गोयल, विजय कुमार, प्रिंस बारसा ,मयंक जंगम, गौरव बोरा । सब जूनियर क्लासिक बालक टीम :- व्योम जावा, रोहित, अनुज, विजय कुमार, अरविंद दिया, सुनील सुखवाल, मयंक जंगम, सुबोध मुद्गल, अनुज कुमार। सीनियर इक्विप्ड महिला टीम :- पूनम (कप्तान), पिस्ता बाई गुर्जर , माया कंवर, लिसा थापा, किरण रामचंदानी, मनीष प्रजापत सीनियर क्लासिक महिला टीमः- किरण भाई गुर्जर , पिस्ता बाई गुर्जर , मोनिका कश्यप, माया कँवर, पूजा गुजराती, मनीष प्रजापत। जूनियर इक्विप्ड महिला टीम :- पूजा जावा , प्रियांशी राजपूत, भूमिका सारस्वत ,मोनिका कश्यप, ग्रेसी प्रजापत, तनु शुक्ला , वर्षिता परिहार, जूही छंगाणी। जूनियर क्लासिक महिला टीम :- गीतिका विश्नोई, ग्रेसी प्रजापत, तनु शुक्ला, पूजा जावा, जूही छंगाणी , चांदनी , शताक्षी शर्मा, सब जूनियर इक्विप्ड बालिका वर्ग :- आकांक्षा कुमावत (कप्तान), कोमल स्वामी ,शिवानी सिंह रावत, चंचल भारती, जीनल गुजराती ,सिद्धि कुमारी पांडे ,रिया कंवर शेखावत ,निहारिका,अवनी पुरोहित क्लासिक टीम :- रिंकी रावत , आकांक्षा कुमावत , ममता चांवरिया , जिनल गुजराती , काजल बारसा , मानवी यादव , रिया कँवर शेखावत , निहारिका, मास्टर इक्विप्ड पुरुष टीम :- शिशिर प्रजापति ,सुनील गुजराती, महेंद्र कुमार चांडा ,कृष्ण कुमार, राहील अहमद शेख ,प्रकाश श्रीपत ,सत्येंद्र सिंह राठौर, दिलीप कुमार, दीपक कुमार शर्मा, ओम सिंह चौहान , हरिगोपाल थानवी, मास्टर क्लासिक पुरुष वर्ग :- शिशिर प्रजापति, सुधीर कुमार ,सुखवीर सिंह , महेंद्र कुमार चांडा विनोद कुमार गोटरवाल, देशबंधु शर्मा, विनोद कुमार जोशी, चेतन सिंह, दिलीप कुमार ,वीरेंद्र कुमार शर्मा ,राजेश यादव ,ओम सिंह चौहान, हरि गोपाल थानवी, मास्टर इक्विप्ड महिला टीम :- ज्योति चौहान , अनिता राठी , कृष्णा , मास्टर क्लासिक महिला टीम :- ज्योति चौहान, अनिता राठी , शालिनी माहवर , कृष्णा को टीम में शामिल किया गया है, टीम मैनेजर विनोद साहू , पुरुष टीम के कोच आशीष जैमन महिला टीम के कोच आशीष ओझा होंगे। टीम आज मेवाड़ एक्सप्रेस से फरीदाबाद के लिये रवाना हुई।

बीएन विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह कल, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 जनवरी। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर आएंगे। वे यहां भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय (बीएन विश्वविद्यालय) के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राज्यपाल बागड़े बुधवार सुबह 11.15 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से वे सीधे भूपाल नोबल्स संस्थान परिसर स्थित महाराणा प्रताप खेल मैदान जाएंगे, जहां दीक्षांत समारोह का आयोजन होगा। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल राजस्थान के पूर्व कुलपति एवं उच्च शिक्षा सलाहकार प्रो. कैलाश सोडाणी उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत करेंगे।

तैयारियों का लिया गया जायजा

मंगलवार को जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों ने समारोह स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा, यातायात और प्रोटोकॉल से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

राजस्थानी परंपरा से होगा स्वागत

बीएन संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्यपाल के संस्थान परिसर पहुंचने पर उनका राजस्थानी परंपरा के अनुरूप भव्य स्वागत किया जाएगा। समारोह से पूर्व राज्यपाल महाराणा भूपाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया जाएगा। मंगलवार को दीक्षांत समारोह की अकादमिक प्रक्रिया की रिहर्सल भी पूरी कर ली गई।

7 हजार से अधिक लोग होंगे शामिल

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. एन.एन. सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 7 हजार से अधिक विद्या प्रचारिणी सभा के पदाधिकारी, सदस्य, विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। समारोह में पीएचडी उपाधि धारकों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, वहीं स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिए जाएंगे।

ड्रेस कोड और पंजीयन अनिवार्य

डिग्री एवं गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड अनिवार्य रखा गया है। पुरुषों के लिए काले रंग का बंद गले का जोधपुरी कोट एवं साफा, जबकि महिलाओं के लिए गुलाबी रंग का सलवार सूट या साड़ी निर्धारित की गई है। सभी उपाधि धारकों को सुबह 10 बजे से पूर्व पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

ईको कार चोरी के मामले में तीन शातिर चोर गिरफ्तार, वाहन बरामद



24 न्यूज अपडेट

कपासन (चित्तौड़गढ़)। कपासन थाना पुलिस ने ईको कार चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई ईको कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। यह मामला खारोलों की झोपड़िया गांव निवासी हंसराज पुत्र नगजीराम खारोल ने 30 नवंबर को कपासन थाने में दर्ज कराया था। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि 29 नवंबर की रात उनके घर पर भजन संध्या का आयोजन था। इसी दौरान घर के बाहर खड़ी उनकी ईको वैन को अज्ञात बदमाश चुरा ले गए।

एसपी के निर्देश पर गठित की गई विशेष टीम जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने सख्त निर्देश दिए थे। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह और पुलिस उपाधीक्षक हरजी लाल यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

देश भर के ब्यूटी आर्टिस्ट व एक्सपर्ट उदयपुर में, बुधवार हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया के पहले अधिवेशन में करेंगे मंथन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। देश भर के ब्यूटी व हेयर एक्सपर्ट क्षेत्र के कई जाने माने आर्टिस्ट मंगलवार को उदयपुर पहुंच चुके हैं। यहां बुधवार को हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन मंथन के नाम होने जा रहा है, जिसमें केश कला बोर्ड, नकली उत्पादों के खिलाफ जाग्रति, एजुकेशन व स्वास्थ्य सहित कई मुद्दों पर राष्ट्रीय स्तर की चर्चा होगी। मंगलवार को प्रमुख आर्टिस्ट हरीश भाटिया, साविया जॉन परेरा, श्याम भाटिया, उदय टक्के, नीता पारेख सहित कई जानी मानी हस्तियां उदयपुर पहुंची। हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय टक्के बताया कि देश भर के सौ से ज्यादा ब्यूटी, मेकअप, हेयर स्टाइल क्षेत्रों से जुडी एसोसिएशन को मिलाकर हेयर एंड ब्यूटी फेडरेशन इंडिया का गठन कोविड काल में किया गया था जब इस हेयर और ब्यूटी व्यवसाय को भी कई सारी चुनौतियों का सामना करना पडा था। अब यह फेडरेशन देश के लगभग सभी राज्यों तक पहुंच चुका है। फेडरेशन का पहला राष्ट्रीय अधिवेशन उदयपुर में मंथन के नाम से 7 जनवरी को होटल इंदर रेजिडेन्सी में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन में 15 राज्यों से करीब ढाई सौ चुनिन्दा प्रतिनिधि भाग लेने आ रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पालीवाल ने बताया कि अधिवेशन के पहले सत्र में उद्घाटन कार्यक्रम होगा और उसके बाद फेशन शो आयोजित होगा। इसमें देश भर की करीब 15 मॉडल ब्यूटी व क्रियेटिव हेयर स्टाइल का प्रदर्शन करेंगी। अधिवेशन के दूसरे सत्र में फेडरेशन द्वारा तय किए गए 13 विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। मंगलवार को फेडरेशन के उपाध्यक्ष उदय टक्के व साविया जॉन परेरा, जोइंट सेंक्रेटी नीता पारेख, कोषाध्यक्ष विपिन दबास, बॉलीवुड मेकअप आर्टिस्ट हरीश भाटिया व श्याम भाटिया पत्रकारों से मुखातिब हुए। उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र का यह व्यवसाय अब संगठित रुप से फेडरेशन का गठन कर आगे बढ रहा है। असंगठित होने से इस क्षेत्र में कई सारी चुनौतियां है जिसके लिए फेडरेशन गांव स्तर तक के हेयर डेसर व ब्यूटी आर्टिस्टों को एक मंच पर लाएगा। फेडरेशन सभी राज्यों में केश कला बोर्ड का गठन करने व बोर्ड के लिए समुचित बजट जारी करने, कार्यकाल चार वर्ष करने तथा बोर्ड अध्यक्ष पद पर इस पेशे से जुडे व्यक्ति को ही नियुक्त करने की मांग उठाएगा। इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा शिक्षा, केमिकल युक्त कॉस्मेटिक से बचने के लिए लोगों को जागरुक करने, पेशे से जुडे लोगों को भी पद्म श्री अवार्ड देने, इस पेशे में काम करने वाले लोगों के लिए पेंशन की माकुल व्यवस्था के लिए योजना बनाने, बिजनेस डेवलपमेंट तथा एकजुटता को लेकर चर्चा कर राष्ट्रीय स्तर पर एक कमेटी का गठन किया जाएगा जो इन मुद्दों को सरकार तक लेकर जाएगी। अधिवेशन में फेडरेशन के सचिव निर्मल रंधावा, मुंबई से हरीश भाटिया, श्याम भाटिया, साविया जॉन परेरा, पंजाब से इंदिरा आहलुवालिया, सीमा जे. राजानी, उदय टक्के, मधुमिता सैकिया, नीता पारेख, पिंकी सिंह, विपुल चूड़ासमा, विपिन दबास के साथ ही ब्यूटी एंड वेलनेस सेक्टर स्कील-बीडब्ल्यूएसएससी के अध्यक्ष ब्लाजम कोचर व डायरेक्टर मोनिका बहल भी उदयपुर आए हैं।

वन संरक्षण और अंगदान के संदेश के साथ 'पेडल टू जंगल – नवां संस्करण' 9 जनवरी से



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 जनवरी। दक्षिण राजस्थान में वन संरक्षण व अंगदान के प्रति जागरूकता के संदेश को देने के उद्देश्य से ग्रीन पीपल सोसायटी, उदयपुर द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित 'पेडल टू जंगल – नवां संस्करण' साइक्लिंग अभियान का शुभारंभ 9 जनवरी 2026 को फतहसागर झील, उदयपुर से होगा। इस अवसर पर सुबह 8 बजे उद्घाटन समारोह एवं साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह अभियान 9 से 11 जनवरी तक उदयपुर–कुंभलगढ़–राजसमंद–पाली तथा आसपास के वन क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा। ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष एवं भारतीय वन सेवा के पूर्व मुख्य वन संरक्षक श्री राहुल भटनागर ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से आयोजित यह अभियान वन संरक्षण के साथ-साथ अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "प्रकृति संरक्षण और जीवनदान—ये दोनों ही समाज के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। 'पेडल टू जंगल' के माध्यम से हम लोगों को जंगलों की रक्षा और अंगदान जैसे मानवीय विषयों से जोड़ना चाहते हैं।" श्री भटनागर ने बताया कि यह ग्रीन पीपल सोसायटी द्वारा अंगदान को समर्पित तीसरा साइक्लिंग अभियान है, जिसे विश्व वन्यजीव निधि, भारत का भी समर्थन प्राप्त है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम, संवाद एवं सहभागिता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। उन्होंने अंगदान समूह के सदस्यों एवं आम नागरिकों से उद्घाटन समारोह, रैली को हरी झंडी दिखाने के कार्यक्रम तथा अन्य औपचारिक आयोजनों में उपस्थित होकर संदेश को मजबूती देने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में सहभागिता के लिए साइकिल चलाना आवश्यक नहीं है—केवल उपस्थित होकर वन संरक्षण और अंगदान के पक्ष में समर्थन दर्ज कराना ही पर्याप्त है। अभियान से जुड़ी सहभागिता एवं समन्वय के लिए इच्छुक व्यक्ति श्री राहुल भटनागर (मोबाइलः 9414156229) से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने उदयपुर के नागरिकों से इस आमंत्रण को अधिक से अधिक साझा करने का विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि इससे उदयपुर में अंगदान समूह के गठन तथा मोहन फाउंडेशन के नए अध्याय की शुरुआत की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।

नियति कोठारी ने राइफल शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जगह



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 जनवरी। राइफल शूटर नियति कोठारी ने भोपाल मध्य प्रदेश में आयोजित 68वें राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन में 10 मीटर राइफल शूटिंग सब यूथ बालिका वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुई। अरुण कोठारी ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली निशानेबाजों के बीच नियति ने संयम और सटीक निशाने बाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया । और जिले का नाम रोशन किया। कोठारी ने बताया कि नियति के निरंतर अभ्यास अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता मिली है। नियति दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा है।

चितरी थाना पुलिस की कार्रवाईः ज्वेलरी चोरी का माल खरीदने वाला व्यापारी गिरफ्तार, 2.550 किलो चांदी बरामद



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। चितरी थाना पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी का माल खरीदने वाले एक व्यापारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 किलो 550 ग्राम चोरी की गई चांदी बरामद की है। पुलिस इस मामले में पहले ही चोरी को अंजाम देने वाले दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया था।

ज्वेलरी शॉप से हुई थी चोरी

चितरी थाना के एएसआई बलभद्र सिंह ने बताया कि चितरी निवासी मोहिता जैन ने 3 अप्रैल 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2 अप्रैल की रात चितरी स्थित उनकी ज्वेलरी शॉप से 2.550 किलोग्राम चांदी के आभूषण चोरी हो गए। मामले में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि चोरी किए गए चांदी के आभूषण उन्होंने घाटा गांव निवासी व्यापारी नितिन जैन को बेच दिए थे।

फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने नितिन जैन की तलाश शुरू की, लेकिन वह फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी व्यापारी के कब्जे से चोरी की गई पूरी 2.550 किलो चांदी बरामद कर ली गई है। पुलिस आरोपी से चोरी के नेटवर्क और अन्य संभावित संलिप्त लोगों को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। मामले में आगे और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

आर्यिका चन्द्रमति माताजी (बडा गांव वाले) का कस्बे में मंगल प्रवेश



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा, गणिनी आर्यिका चन्द्रमति माताजी (बडा गांव वाले) ससंघ का ऋषभदेव से विहार कर शाम 4.00 बजे समाज अध्यक्ष रमेश चंद्र कोठारी के नेतृत्व में शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर तहसील रोड पर मंगल प्रवेश हुआ। महामंत्री भूपेंद्र जैन ने बताया कि आर्यिका का जन्म निकट कस्बे ऋषभदेव में हुआ था। इन्होंने कम उम्र में ही आचार्य सुमति सागर से दीक्षा ली थी। देश भर में धर्म प्रभावना करते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश के बडा गांव तीर्थ में आश्रम की स्थापना की। आर्यिका के अल्प प्रवास के प्रवेश पर जयकारों के साथ समाज जनों द्वारा पाद प्रक्षालन कर स्वागत किया गया। आर्यिका 26 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस क्षेत्र में प्रवास पर हैं। आर्यिका संघ का दक्षिण भारत के कर्नाटक में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ गोमटेश्वर बाहुबली जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। संघ के प्रवेश के दौरान महिला परिषद, युवा परिषद सदस्यों सहित समाज के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। आर्यिका द्वारा आज बुधवार प्रातः 9 बजे प्रवचन रूपी मंगल आशीर्वाद प्रदान किया जाएगा।

रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा द्वारा 'रायला उड़ान 2026' का आयोजन 11 से 13 जनवरी तक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 जनवरी। समाज में सकारात्मक परिवर्तन और युवाओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से उदयपुर क्लब ऑफ रोटरी मीरा द्वारा वर्ष 2026 में "रायला उड़ान 2026 - सुकून से सम्पूर्णता की ओर" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड (रायला) के अंतर्गत आयोजित एक विशेष एवं प्रेरणादायी पहल है। अध्यक्षा डॉ. रेखा सोनी ने बताया कि आगामी 11, 12 व 13 जनवरी को आयड़ स्थित आत्मवलभ आराधना भवन में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक विविध आयोजन होगा। इस अनूठे नेतृत्व विकास कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न शहरों से लगभग 150 बच्चे भाग लेंगे। कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है। प्रतिभागियों में दिव्यांग बच्चे, घुमंतू समुदाय के विद्यार्थी, कालबेलिया समाज के बच्चे, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के छात्र तथा विशेष श्रेणी के विद्यार्थी शामिल हैं। विविध पृष्ठभूमि से आने वाले इन बच्चों को एक समान मंच प्रदान कर उनके आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और व्यक्तित्व विकास पर कार्य किया जाएगा। रायला उड़ान 2026 का मूल उद्देश्य बच्चों को मानसिक सुकून, आत्मबोध और जीवन की सम्पूर्णता की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए नेतृत्व प्रशिक्षण सत्र, प्रेरणादायी संवाद, टीम वर्क गतिविधियाँ, आत्मविकास कार्यशालाएँ और सामाजिक मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रोटरी क्लब मीरा की सचिव कविता बल्दवा ने बताया कि यह कार्यक्रम बच्चों को न केवल बेहतर नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन देगा, बल्कि उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक सोच, जिम्मेदारी और समाज सेवा के प्रति प्रेरित भी करेगा। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज के वंचित और विशेष वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोडने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। "सुकून से सम्पूर्णता की ओर" की भावना के साथ आयोजित यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन में नई उड़ान भरने का माध्यम बनेगा और भविष्य के सशक्त, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नेतृत्व का निर्माण करेगा। रायला कोडिनेटर हर्षा कुमावत, रोटरी मीरा ट्रेनर विजयलक्ष्मी गलूंडिया भी मौजूद रही।

नेमिनाथ जिनालय में मूलनायक भगवान पर किया महामस्तकाभिषेक व शांतिधारा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 6 जनवरी। हिरण मगरी सेक्टर 3 स्थित श्री दिगंबर जैन बीसा नरसिंहपुरा तेरापंथ समाज द्वारा नेमिनाथ जिनालय में मंगलवार को महामस्तकाभिषेक वृहद शांतिधारा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया ने बताया कि इस अवसर पर समाज के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन परम संरक्षक महेंद्र टाया, अध्यक्ष पारस सिंघवी, ऋषभ जसींगोत, विनोद भोजावत, राजेंद्र अखावत प्रकाश खेड़ी वाले व अन्य समाज जनों की उपस्थिति में किया गया। कैलेंडर का प्रकाशन विगत 30 वर्षों से हो रहा है इसमें जैन तिथियो को स्थान दिया गया है तथा पूरे समाज में विज्ञापन दाताओं के सहयोग से निशुल्क उपलब्ध कराया जाता है । कैलेंडर संपादन पं.अंकित जैन शास्त्री के निर्देशन में किया गया।

उदयपुर पुलिस है तो मुमकिन है।

ऑटो चालक का बनाया सीट बेल्ट का चालान।



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में लोडिंग ऑटो चला कर बड़ी मुश्किल से अपनी आजीविका कमाने वाले आबिद खान को क्या पता था कि उनका पाला पुलिस से पड़ जाएगा। ऐसी पुलिस जो हर हाल में चालान बनाने पर आमादा है। दस्तावेज दिखाने पर भी नहीं मानती है और करती वही है जो उसका मन करता है। तो आबिद खान के भी 1 हजार रूपए का चालान चिपका दिया। चालान जब कटा तो उसे देख कर आबिद हैरान रह गए। चालान में लिखा था कि सीट बेल्ट नहीं लगा रखा था। सोशल मीडिया के जरिये जब हम तक चालान पहुंचा तो हमारी पड़ताल में यह जानकारी सामने आई। हैरानी की बात है कि टारगेट पूरे करने के नाम पर आजकल यातायात पुलिस किस हद तक जा रही है। लोडिंग ऑटो में सीट बैल्ट। हां, भाई हां हम सच कह रहे हैं कि लोडिंग ओटो में सीट बेल्ट लगाने की बात हो रही है। तो उदयपुर के सभी ओटो चालक भाइयों से निवेदन है कि वे एक सीट बेल्ट बनवा लें और उसे पहन कर ही अपने काम पर निकलें। हो सके तो लोडिंग ओटो में रखे सामान को भी सीट बेल्ट पहना दें। और अगर ओटो में सवारी है तो सवारी के भी सीट बेल्ट लगा दें। ना जाने कब किसी पुलिस वाले के मन में तमन्ना जाग जाए सीट बेल्ट का चालान बनाने की। इस मामले में ओटो बजाज कंपनी का है। तो इस खबर के माध्यम से हम बजाज कंपनी के मालिक से गुहार लगाते हैं कि उदयपुर आकर खुद जायजा लें कि उन्होंने अपनी कंपनी के ओटो को बनाने में कितनी भयंकर भूल की है। सारे सुरक्षा मानक पूरे कर दिए लेकिन सीट बेल्ट लगाना भूल गए। इसे तुरंत अनिवार्य किया जाए। वे चाहें तो ऐसा ओटोमेटिक सीट बेल्ट बनवा दें जो ड्राइवर के सीट पर बैठते ही सांप की तरह से उसके बाजुओं से लिपट जाए ताकि याद नहीं रखना पड़े कि सीट बेल्ट और वो भी ओटो चलाते हुए पहनना है। आबिद खान के साथ यह घटना सविना थाना क्षेत्र में केवड़ा टोल टैक्स के पास हुई। उनके चालान में साफ लिखा है कि सीट बेल्ट नहीं पहना है। उनके 1 हजार का चालान हुआ है। मजे की बात ये है कि जिस वाहन पर कार्रवाई हुई, उसमें कंपनी ने खुद सीट बेल्ट की व्यवस्था ही नहीं की है। तो कायदे से बजाज कंपनी के मालिक पर 1 लाख का जुर्माना करना चाहिए उदयपुर पुलिस को। ट्रांसपोर्ट नियमों और वाहन निर्माता के मानकों के अनुसार, बजाज के अधिकांश लोडिंग ऑटो जिसमें थ्री-व्हीलर गुड्स व्हीकल शामिल हैं, उनमें ड्राइवर सीट पर सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से फिट नहीं होता है। ऐसे में सीट बेल्ट नहीं पहनने का चालान नियमों की नई व्याख्या और नई नजीर हमारे ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर तक पहुंचनी ही चाहिए। हो सकता है वे यह प्रयोग पूरे देश में लागू करने का फरमान सुना दे। जो—जो इस चालान को देख रहा है वो सवाल उठा रहा है और ओटो वालों को हिदायत दे रहा है कि घर से सीट बेल्ट लगा कर ही निकलें। पुलिस 1 हजार का चालान बना रही है उससे बच जाएंगे।

युवा कौशल विकास और अपराध रोकथाम के लिए उदयपुर रेंज पुलिस व अंबुजा फाउंडेशन के बीच MoU



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर रेंज पुलिस ने पारंपरिक पुलिसिंग से आगे बढ़ते हुए युवा कौशल विकास और अपराध रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में उदयपुर रेंज पुलिस और अंबुजा फाउंडेशन के बीच युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस MoU के तहत 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा, ताकि बेरोजगारी के कारण युवाओं के अपराध की ओर बढ़ते रुझान को रोका जा सके।

बेरोजगारी और अपराध के बीच संबंध

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आजीविका के अभाव और युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति के बीच सीधा संबंध देखा गया है। कई मामलों में पहली बार अपराध करने वाले युवा सामाजिक दबाव और रोजगार की कमी के चलते दोबारा अपराध की ओर लौट जाते हैं। इस पहल का उद्देश्य ऐसे युवाओं को वैकल्पिक और सकारात्मक रास्ता उपलब्ध कराना है। पूरे उदयपुर रेंज में गठित युवा सामुदायिक संपर्क समूह (Youth CLG) इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। CLG सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे युवाओं की पहचान करेंगे, जिन्हें कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता है। प्रशिक्षित युवा आगे चलकर अपने क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में कार्य करेंगे। अंबुजा फाउंडेशन के SEDI प्रशिक्षण केंद्रों पर मेवाड़ और वागड़ क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इनमें तकनीकी, सेवा, डिजिटल और ब्यूटी एवं वेलनेस से जुड़े कौशल शामिल हैं।

बेकरिया थाना पुलिस की कार्रवाईः 5.400 किलो गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार


24 न्यूज अपडेट




उदयपुर। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बेकरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 किलो 400 ग्राम गांजा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चल रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृत्ताधिकारी डूंगरसिंह (कोटड़ा) के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 05 जनवरी 2026 को नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल संख्या RJ 30 SN 7683 पर सवार दो युवकों को एक प्लास्टिक के कट्टे के साथ डिटेन किया। तलाशी के दौरान कट्टे में अवैध गांजा पाया गया, जिसका वजन 5.400 किलोग्राम निकला। दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर गांजा और मोटरसाइकिल जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपी—ईश्वरसिंह पुत्र भैरूसिंह, निवासी प्रेमपुरा, थाना कुंवारिया, जिला राजसमंद, ईश्वरसिंह पुत्र भुरसिंह, निवासी प्रेमपुरा, थाना कुंवारिया, जिला राजसमंद, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बेकरिया में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है। कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम में थानाधिकारी उत्तमसिंह, हेड कांस्टेबल कालूलाल, कांस्टेबल जोधाराम, हेमंत कुमार (विशेष भूमिका), ईश्वर व सीताराम शामिल है।

एमबी के आईसीयू में पत्नी, नंगे पांव दौड़ता आदिवासी पति। दलालों ने खून दिलाने के नाम पर की ठगी। कहां सोए हैं आदिवासी जन प्रतिनिधि!!!







24 न्यूज अपडेट

यह तस्वीर उदयपुर के एमबी अस्पताल की है जहां पर एक पति नंगे पांव इंसाफ के लिए गुहार लगा रहा है। आरोप है कि आईसीयू में भर्ती उसकी पत्नी के लिए खून दिलाने के नाम पर अवैध वसूली की गई है। यही नहीं पैसा वसूलने वाले सीनाजोरी भी कर रहे हैं। दो दिन हो गए, कोई भी नेता या प्रशासनिक अधिकारी उसको न्याय दिलाने को आगे नहीं आया है। बात बात पर आपस में झगड़ने वाले टीएसपी के जन प्रतिनिधि अपने ही आदिवासी भाई को हक दिलाने की भी पैरवी नहीं कर रहे हैं। आईसीयू में भर्ती प्रसूता महिला के पति ने अस्पताल में कार्यरत महिला गार्ड पर पैसों की ठगी और धमकाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित युवक की हालत इतनी कमजोर है कि वह इस कड़ाके की सर्दी में भी नंगे पांव अस्पताल परिसर में दौड़ता रहा। उसने बताया कि बांसवाड़ा में पत्नी के इलाज के दौरान अस्पताल में ही उसके जूते छूट गए। अब पैसे नहीं है तो नंगे पांव घूम रहा है। पीड़ित की पहचान सोहन अड़, निवासी गांव सुखेरा, तहसील सज्जनगढ़ है। सोहन ने हमें बताया कि उसकी पत्नी को डिलिवरी के बाद तबीयत बिगड़ने पर आईसीयू में भर्ती कराया गया था। सोमवार सुबह चिकित्सकों ने ब्लड बैंक से रक्त लाने को कहा। सोहन ने बताया कि ब्लड बैंक का पता पूछने पर उसे अस्पताल में तैनात एक महिला गार्ड ने उसे साइड में बुलाया और कहा कि वह खून की व्यवस्था करवा देगी। उसने कहा कि जेब में एक भी पैसा नहीं है। इसके बदले 3000 रुपये मांगे गए। पीड़ित के पास नकद पैसे नहीं थे, जिस पर उसने परिजनों से ऑनलाइन ट्रांसफर करवा कर गार्ड द्वारा बताए गए एक व्यक्ति के खाते में राशि भिजवाई। सोहन ने बताया ब्लड बैंक में जाने पर किसी ने उसका वीडियो बनाया। वहां पर बात खुली व मामला मीडिया में आने के बाद आरोपी दुर्गेश ने केवल 2500 रुपये लौटाए। 500 रुपये कम दिए गए। यही नहीं पैसे लौटाते समय आरोपी ने उसकी फोटो खींच ली और धमकी दी कि मेरे पास तेरी फोटो है, जो करना है कर ले। इसके बाद गार्ड युवती और आरोपी युवक दुर्गेश का दोनों मोबाइल नंबर बंद हो गए। सोहन का यह फोटो साफ साफ गवाही दे रहा है कि कौन सही कह रहा है और गलत। उसके पैरों में इस शीत लहर वाली सर्दी में चप्पल तक नहीं है। वह सर्दी में नंगे पांव अस्पताल परिसर में अपने हक के लिए दौड़ रहा है। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में दलाल सक्रिय हैं और मजबूर मरीजों के परिजनों को निशाना बनाया जा रहा है। वहीं, आरोपों पर महिला गार्ड का कहना है कि वह निर्दोष है और कई वर्षों से एमबी अस्पताल में कार्यरत है।

उसने खून के नाम पर किसी भी तरह की अवैध वसूली से इनकार किया व कहा कि युवक को कैश चाहिए थे, उसने अपने भाई से आनलाइन पैसे मगवा कर उसकी मदद करने को कहा था।

मामले के सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित परिवार ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में अस्पताल अधीक्षक आखिर क्या कर रहे हैं यह भी बड़ा सवाल है। उन तक पीडितों की आवाज भी पहुंचती है या नहीं।

अरावली संरक्षण अभियान के तहत डबोक थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, पत्थर से भरी 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

24 न्यूज अपडेट



उदयपुर। अरावली पर्वतमाला संरक्षण को लेकर राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डबोक थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पत्थर से भरी छह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा) एवं सहायक पुलिस अधीक्षक आशिमा वासवानी (वृत्त मावली) के सुपरविजन में की गई। डबोक थानाधिकारी हुकमसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रोका और जांच की। लाडिया खेड़ा क्षेत्र से पत्थर भरकर लाने की बात स्वीकार पूछताछ के दौरान ट्रैक्टर चालकों ने बताया कि वे पत्थर लाडिया खेड़ा क्षेत्र (थाना प्रतापनगर) से भरकर लाए हैं। हालांकि, मौके पर खनन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सभी छह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर लिया। खनन सामग्री वैध है या अवैध—इसकी पुष्टि के लिए पुलिस द्वारा अधिशासी अभियंता, खनन विभाग उदयपुर को पत्र लिखकर सूचना दी गई है। खनन विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

इस कार्रवाई में थानाधिकारी हुकमसिंह के साथ उप निरीक्षक मनोहरसिंह, हेड कांस्टेबल अर्जुनसिंह (विशेष भूमिका), कांस्टेबल सतवीर (विशेष भूमिका), कांस्टेबल रतनलाल एवं ड्राइवर कांस्टेबल रमेशचंद्र शामिल रहे।

ऑटो चालक की गुंडागिर्दी के खिलाफ फूटा यूनियन का गुस्सा। जातिगत गालियां देने का आरोप



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में ऑटो चालकों का गुस्सा आज सड़कों से निकलकर कलेक्ट्रेट तक पहुंच गया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बड़ी संख्या में ऑटो चालक जुटे और न्याय की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। ऑटो यूनियन के अनुसार 5 जनवरी को यूआईटी—गूआईटी पुलिया के पास अलीबाबा शोरूम के नजदीक एक ऑटो चालक के साथ बर्बरता की गई। पीड़ित चालक शंकर वागरिया के साथ 7 से 8 असामाजिक तत्वों ने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि जातिवादी गालियां दीं और चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी तक दी। ऑटो यूनियन का आरोप है कि हमलावर नशे की हालत में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हमले का मुख्य आरोपी पिटू नाम का व्यक्ति है, जो खुद ऑटो चालक बताया जा रहा है। आरोपी के ऑटो का पंजीकरण नंबर भी पुलिस को सौंपा गया है। यूनियन का कहना है कि आरोपी और उसके साथी पहले भी क्षेत्र में ऑटो चालकों के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करते रहे हैं, जिससे चालकों में भय का माहौल है। इसी को लेकर ऑटो यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और ऑटो चालकों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

मकर संक्रांति पर उदयपुर में होगा विराट उत्तरायण अर्घ्य महापर्व, 500 से अधिक साधक करेंगे सूर्य आराधना



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर उदयपुर में सनातन संस्कृति और सूर्य उपासना की परंपरा को सशक्त रूप देने के उद्देश्य से विराट उत्तरायण अर्घ्य महापर्व का आयोजन 14 जनवरी को किया जाएगा। यह आयोजन शहर के गोवर्धन सागर स्थित पन्नाधाय पार्क में प्रातःकाल आयोजित होगा, जिसमें 500 से अधिक महिला एवं पुरुष भाग लेकर सूर्य उपासना करेंगे। आयोजन को लेकर वाकल माता चौराहा स्थित होटल आरआरआर ढाबे पर पोस्टर विमोचन के साथ प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कार्यक्रम संयोजक एवं सूत्रधार पंकज सुखवाल, शिक्षाविद डॉ. प्रदीप कुमावत, ज्योतिषाचार्य विनोद बिहारी याज्ञिक तथा योगाचार्य अनिता पालीवाल ने आयोजन की रूपरेखा साझा की। संयोजक पंकज सुखवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः सूर्य के समक्ष सामूहिक सूर्य नमस्कार से की जाएगी। इसके बाद सूर्य को विधिवत अर्घ्य अर्पित किया जाएगा तथा पताका रोहण के साथ आयोजन को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक दिवसीय इस महापर्व को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शिक्षाविद डॉ. प्रदीप कुमावत ने मकर संक्रांति के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूर्य का उत्तरायण पर्व सनातन परंपरा में विशेष स्थान रखता है। सूर्य को अर्घ्य देने से हृदय स्थित सूर्य चक्र को ऊर्जा प्राप्त होती है, जिससे जीवन में सकारात्मकता, स्वास्थ्य और समृद्धि का संचार होता है। इसी भाव के साथ इस आयोजन को वृहद स्वरूप दिया गया है। योगाचार्य अनिता पालीवाल ने जानकारी दी कि आयोजन के दौरान सुबह 7 से 8 बजे तक 108 सूर्य नमस्कार कराए जाएंगे। इसके साथ योगाभ्यास एवं शारीरिक व्यायाम के माध्यम से प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता में कार्तिक नलवाया, मधु मेनारिया, सुमन मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद, पंकज सुखवाल मित्र मंडल, हिंदू रक्षक वाहिनी एवं अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति का सहयोग रहेगा।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।